दिन– बुधवार दिनांक– 23 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01 ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के सहयोगी अमित कात्याल की सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की सम्पत्तियों को जब्त किया।

02. आर्थिक अपराध इकाई ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के पटना और नालंदा स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त।

03. प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। एक दिन में रिकॉर्ड दो सौ चौंतीस मरीजों की हुई पुष्टि।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से भागलपुर, जमुई और पूर्णियां समेत तेरह जिलों में कल से तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल की लगभग सत्तावन करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्तियों को जब्त किया है। ईडी की यह कार्रवाई हरियाणा के गुरूग्राम में हुई है। जांच एजेंसी ने अमित कात्याल के कार्यालय में छापेमारी कर पैंतीस लाख रूपये नकद भी जब्त किये। इस दौरान जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं। इस बीच, ईडी को अमित कात्याल के भाई राजेश कात्याल की सात दिनों की रिमांड मिल गयी है। जांच एसेंजी ने उसे चार दिन पूर्व इसी मामले में गिरफ्तार किया था।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के पटना और नालंदा स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र के यारपुर बलवा गांव में संजीव मुखिया के पैतृक आवास पर छापेमारी के दौरान उसके माता–पिता से लम्बी पूछताछ भी की। ईडी की छापेमारी देर रात तक जारी थी। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी को छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण कागजात और निवेश से संबंधित कई दस्तावेज मिले हैं।

———————————————————————

ईडी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस के निकट सहयोगी पुष्पराज बजाज को पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने उसे पूछताछ के लिए पटना स्थित कार्यालय बुलाया था। लम्बी पूछताछ में किसी भी प्रश्न का संतोषजनक जवाब नहीं देने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों ईडी ने पुष्पराज बजाज के कोलकाता स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रूपये की अवैध सम्पत्ति का खुलासा किया था। उस पर संजीव हंस के जरिये ऊर्जा विभाग में कुछ कम्पनियों को ठेके दिलाने का आरोप है।

———————————————————————

अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह के आजाद नगर स्थित निजी आवास पर एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति सांसद से मिलने आया था। हाउस गार्ड द्वारा जांच के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्तौल और सात जिंदा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अब्दुल गफ्फार जिले के बनगामा गांव का रहने वाला है।

———————————————————————

बिहार सरकार ने केन्द्र से बाढ़ क्षतिपूर्ति मद में तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रूपये की मांग की है। कल पटना में केन्द्रीय टीम के समक्ष आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में अपनी प्रस्तुति दी। बांध और तटबंध की मरम्मत के लिए सबसे अधिक एक हजार छह सौ सत्तर करोड़ रूपये की मांग की गयी है। वहीं, राहत वितरण मद में आठ सौ इकहत्तर करोड़ और फसल क्षतिपूर्ति मद में चार सौ अट्ठासी करोड़ रूपये से अधिक की मांग की गयी है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी की अध्यक्षता में केन्द्रीय टीम ने दो दिनों तक राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। दिल्ली लौटने से पूर्व टीम ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान टीम ने बिहार सरकार की ओर से चलाये गये राहत और बचाव अभियान की सराहना की।

———————————————————————

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए सात नई ग्राहक–केन्द्रित सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल नई दिल्ली में बीएसएनएल की इन नई सुविधाओं और नये लोगो का लोकार्पण किया। श्री सिंधिया ने कहा की फोर–जी सेवा की शुरूआत के बाद से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या पिछले छह महीने में पचहत्तर लाख से बढकर एक करोड़ अस्सी लाख हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि बीएसएनएल का नया प्रतीक चिन्ह् विकास, पहुंच और विश्वास का प्रतीक है।

———बाईट———

नए प्रतीक चिन्ह के अलावा, देश में संचार सुविधाओं के विस्तार के साथ–साथ डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीएसएनएल की सात नई सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इनमें स्पैम–मुक्त नेटवर्क, नेशनल वाई–फाई रोमिंग, इंट्रानेट फाइबर टीवी, एनीटाइम, कियॉस्क, डायरेक्ट–टू–डिवाइस सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत, और खदानों में पहला 5जी की सुविधा शामिल है। राष्ट्रीय वाई–फाई रोमिंग सुविधा अपने फाइबर टू द होम ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बीएसएनएल हॉटस्पॉट पर मुफ्त हाई स्पीड इंटरनेट एक्सेस प्रदान करेगी। इसके अलावा, एनी टाइम सिम कियोस्क उपयोगकर्ताओं को सिम खरीदने, अपग्रेड करने, पोर्ट करने या बदलने की भी सुविधा मिलेगी। बीएसएनएल ने खनन कार्यों के लिए 5जी नेटवर्क की भी शुरूआत की है। इसके अतिरिक्त, बीएसएनएल ने संकट और आपदाओं के दौरान सरकार और राहत एजेंसियों के लिए एन्क्रिप्टेड और निर्बाध संचार की सुविधा भी शुरू की है। भानु प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली

———————————————————

केन्द्र सरकार पेंशनभोगियों को घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए एक नवम्बर से विशेष अभियान चलायेगी। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने कहा कि है एक नवम्बर से तीस नवम्बर तक देशभर के आठ सौ शहरों में यह अभियान चलाया जायेगा।

———————————————————

पटना–गया–डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर इकतीस दिसम्बर से वाहनों का परिचालन शुरू हो जायेगा। इसके साथ ही एनएच के सर्विस लेन को भी चालू कर दिया जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पटना उच्च न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सुपौल जिले के किशनपुर और सरायगढ़ भपटियाही प्रखंडों में दो सौ ग्यारह योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं की लागत लगभग बयालीस सौ करोड़ रूपये है।

———————————————————

जन सुराज पार्टी ने रामगढ़ विभानसभा क्षेत्र से सुशील कुशवाहा को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने यह जानकारी दी।

———————————————————

प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। एक दिन में रिकॉर्ड दो सौ चौंतीस मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें एक सौ छब्बीस मरीज पटना के हैं। वहीं, भोजपुर, गया और बेगूसराय समेत अन्य जिलों से भी डेंगू के मामले सामने आये हैं। देश के जाने–माने चिकित्सक डॉक्टर ए.के. वार्ष्णेय ने कहा कि डेंगू मरीजों को चिकित्सकों कीसलाह पर ही दवाओं का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू

मरीजों को पैरासीटामोल के अलावा किसी अन्य दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में कल और परसों तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि बिहार के तेरह जिलों में इस तूफान का प्रभाव देखा जायेगा।

———बाईट———

मौसम विभाग ने इस अवधि में लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। इधर, चक्रवाती तूफान के चलते पूर्व मध्य रेलवे के प्रभाव क्षेत्र से गुजरने वाली कई ट्रेनों को आज से छब्बीस अक्टूबर तक अलग—अलग तिथियों में रद्द कर दिया गया है। आज नई दिल्ली—भुवनेश्वर तेजस और नई दिल्ली—पुरी पुरूषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं, चौबीस अक्टूबर को पटना—पुरी स्पेशल सहित बारह ट्रेनें रद्द रहेंगी।

————————————————————————————

दीपावली और छठ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार से एक सौ बयालीस जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इनमें से एक सौ पांच जोड़ी ट्रेन पूर्व मध्य रेल के क्षेत्राधिकार से खुलेगी या पहुंचेगी। वहीं, सैंतीस जोड़ी ट्रेन पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार से गुजरेगी। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने यह जानकारी दी।

————————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के डीहजीवर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गयी। वहीं, दो लोगों की आंखों की रौशनी चली गयी जबकि एक अन्य बीमार है। स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका जतायी है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से अब तक शराब पीने से मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

————————————————————————————

पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कला और खेल महोत्सव—तरंग सम्पन्न हो गया। नृत्य में डायट जहानाबाद की मिट्ठु कुमारी विजेता रहीं। वहीं, गायन में डायट लखीसराय के सरगम सम्राट पहले स्थान पर रहे।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट सेंटअप परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा ग्यारह नवम्बर से शुरू होगी। इधर, समिति ने डीएलएड

संयुक्त परीक्षा के आधार पर राज्य के निजी संस्थानों में नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची जारी कर दी है। इस सूची के आधार पर अभ्यर्थी छब्बीस अक्टूबर तक नामांकन ले सकते हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक की अगले वर्ष होने वाली वार्षिक परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। छात्र विलम्ब शुल्क के साथ सत्ताईस अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षा सेवकों और तालिमी मरकज को ई–शिक्षा कोष पर ऑनलाईन हाजिरी के आधार पर ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा। नई व्यवस्था दिसम्बर महीने से प्रभावी होगी।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रक से चार हजार लीटर से अधिक शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर राजस्थान के रहने वाले हैं।

———————————————————————

मधुबनी जिले के देवधा थाना क्षेत्र से पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विप्लव कुमार ने बताया कि इनमें से एक नेपाली नागरिक है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर और अलौली थाना क्षेत्रों में डूबने की घटना में दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में शिक्षा विभाग ने गोपालगंज जिले के जैतपुर प्लस टू विद्यालय में प्रतिनियुक्त शिक्षिका सुल्ताना खातून को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता देते हुये लिखा है– मोईनुलहक स्टेडियम में अन्तरराष्ट्रीय मैच होंगे। चालीस हजार होगी दर्शकों की क्षमता। फाइव स्टार होटल भी बनेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है–प्रत्यय अमृत विकास आयुक्त और चैतन्य प्रसाद मुख्य जांच आयुक्त बने।

प्रभात खबर की सुर्खी है– राष्ट्र मंडल खेलों से हॉकी, कुश्ती, निशानेबाजी और क्रिकेट जैसे खेल बाहर हुये। दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– भारतीय भाषा समिति में पहली बार बिहार शामिल। यहां के विश्वविद्यालय हिन्दी में तैयार करेंगे साइंस और लॉ की किताबें। राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– रूस–यूक्रेन युद्ध खत्म कराने को भारत हर मदद को तैयार।

आज अखबार की सुर्खी है– शिक्षा सेवकों को भी ऑनलाईन हाजिरी पर मिलेगा मानदेय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01 ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के सहयोगी अमित कात्याल की सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की सम्पत्तियों को जब्त किया।

02. आर्थिक अपराध इकाई ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के पटना और नालंदा स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त।

03. प्रदेश में डेंगू के मामलों के मिलने का सिलसिला जारी। एक दिन में रिकॉर्ड दो सौ चौंतीस मरीजों की हुई पुष्टि।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से भागलपुर, जमुई और पूर्णियां समेत तेरह जिलों में कल से तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।